# राजस्थान सरकार
# निदेशालय कोष एवं लेखा

वित्त भवन, जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नम्बर : 0141–2740735, फैक्स नम्बर : 0141–2742309)

क्रमांक : एफ.3(29)वी.–46/94/अलेसे–II/ 29-32 दिनांक : 20.05.2020
21.05-2020

## आदेश

निदेशालय के आदेश संख्या 143/18–19 दिनांक 09.03.2019 द्वारा श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय का स्थानान्तरण कार्यालय कोषाधिकारी, जालौर से कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर किया गया। निदेशालय के अन्य आदेश (शुद्धि पत्र) क्रमांक 199 दिनांक 26.06.2019 द्वारा पूर्व में जारी आदेश संख्या 143/18–19 दिनांक 09.03.2019 को निरस्त कर दिया गया लेकिन श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय ने माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर से उपरोक्त शुद्धि पत्र आदेश क्रमांक 199 दिनांक 26.06.2019 पर स्थगन प्राप्त कर लिया। श्री वीरेन्द्र सिंह ने उक्त स्थगन आदेश की अनुपालना में दिनांक 04.10.2019 को कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की।

अन्य कार्मिक श्री कुन्दनमल सुथार, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय ने निदेशालय के आदेश क्रमांक 199 दिनांक 26.06.2019 की अनुपालना में अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की। अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर द्वारा उनके कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय का एक ही पद स्वीकृत होने के कारण, उक्त पद पर कार्यरत कार्मिक श्री कुन्दनमल सुथार, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय को दिनांक 27.06.2019 से वेतन भत्तों का भुगतान किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप कार्मिक श्री वीरेन्द्र सिंह को उक्त कार्यालय से वेतन भत्तों का भुगतान नहीं किया जा सका है।

अतः कार्मिक श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय को दिनांक 01.07.2019 से दिनांक 30.04.2020 तक की अवधि का वेतन भत्तों का भुगतान कार्यालय कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जालौर से सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है। साथ ही उक्त कार्मिक के दिनांक 27.06.2019 से 03.10.2019 तक के अवकाश कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर अपने स्तर पर स्वीकृत करना सुनिश्चित करावें।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांक : एफ.3(29)वी.–46/94/अलेसे–II/ 29-32 दिनांक : 20.05.2020
21/5/2020

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–**

1. कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जालौर।
2. अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर।
3. उप निदेशक (आई.टी.), कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक लेखाधिकारी–द्वितीय, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जालौर।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक I/II)